**आकाशवाणी शिमला**

**04.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू–राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया स्वागत।
- लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को लेकर तेज़ हुआ चुनाव प्रचार, भाजपा व कांग्रेस में आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला जारी।
- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर धर्म व जाति आधारित राजनीति करने का लगाया आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने ओ.पी.एस. बहाल कर कर्मचारियों का भविष्य किया सुरक्षित।
- धर्मशाला में कल दोपहर बाद चेन्नई व पंजाब की टीमों के बीच होगा आईपीएल मैच।

## राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर आज शिमला पहुंची। शिमला के समीप कल्याणी हैलीपैड में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बाद में वे छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट पहुंची। कल पांच मई को वे कुफरी स्थित कैचमेंट एरिया का दौरा करेंगी। 6 मई को राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। इसके अलावा राष्ट्रपति 7 मई को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी। इसी दिन उनका शिमला के निकट संकटमोचन व तारादेवी मंदिर में पूजा अर्चना करने का भी कार्यक्रम है और वे शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान का दौरा भी करेंगी। राष्ट्रपति का 8 मई को वापिस दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए शिमला शहर व इसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अलावा एक हजार से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## चुनाव

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं और दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हैं। मतदान में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव को लेकर सात मई को अधिसूचना जारी की जाएगी और इसी दिन से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू होगी जो 14 मई तक चलेगी। अगले दिन 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और इच्छुक उम्मीदवार 17 मई तक नाम वापिस ले सकेंगे।

## अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर धर्म व जाति

आधारित राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ– सबका विकास के मूल मंत्र के साथ सभी धर्मों व जातियों के हित में कार्य किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने तीन तलाक को खत्म किया है जिससे लाखों मुस्लिम महिलाओं को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में कांग्रेस नेता लोकसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए चुनाव लड़ने से इनकार कर रहे हैं और राहुल गांधी भी अमेठी छोड कर रायबरेली चले गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता फर्जी वीडियो बनाकर झूठ की राजनीति कर रहे हैं जिससे कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ है। अनुराग ठाकुर ने भोटा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भी शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में एक ओर जहां भाजपा चार सौ से अधिक सीटें जीतने के लक्ष्य को लेकर चल रही है वहीं कांग्रेस 40 सीटें जीतने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

## मुख्यमंत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि कांग्रेस सरकार ने पुरानी पैंशन योजना बहाल कर कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित किया है। सोलन जिला के नालागढ़ में आज एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के बावजूद राज्य की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को अपनी पहली कैबिनेट में पूरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्थिर है और अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर सरकार गिराने की नाकाम कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के वर्तमान सांसद ने क्षेत्र के विकास में कोई योगदान नहीं दिया और आपदा के समय केंद्र से हिमाचल को आर्थिक मदद दिलाने के लिए उन्होंने कोई प्रयास नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा प्रत्याशी अपने काम की बजाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि पहली जून को लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव में एन.सी.सी कैडिटों को चुनाव डियूटी पर तैनात किया जाएगा। शिमला में आज पुलिस व एन. सी.सी की राज्य स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि ये कदम युवाओं को लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में शामिल कर उन्हें चुनाव के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होगा। मनीष गर्ग ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर तीन कैडिट तैनात किए जाएंग और उनकी तैनाती स्वैच्छिक आधार पर होगी। उन्होंने कहा कि कैडिटों को अन्य मतदान कर्मियों के समान ही पारिश्रमिक दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें प्रतिदिन डेढ़ सौ रूपए या पैक्ड लंच भी प्रदान किया जाएगा।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में हिंदुत्व विरोधी सोच दिखाई देती है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र में बहुसंख्यकवाद के बजाए अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में ओबीसी के आरक्षण को काट कर मुस्लिमों को देने की बात की गई है जो पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में पार्टी के पन्ना प्रमुख सम्मेलन 9 मई तक जारी रहेंगे और इसी दिन से भाजपा प्रत्याशी अपने नामांकन भरेंगे। उन्होंने कहा कि 9 मई को लाहौल स्पिति विधानसभा उप चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी रवि ठाकुर, 10 मई को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से राजीव भारद्वाज, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, कुटलैहड़ से देवेन्द्र भुट्टो और सुजानपुर विधानसभा सीट से राजेन्द्र राणा अपना नामांकन भरेंगे। इसके अलावा हमीरपुर संसदीय सीट से अनुराग ठाकुर और शिमला से

सुरेश कश्यप 13 मई को अपने पर्चे दाखिल करेंगे। मंडी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत और धर्मशाला विधानसभा सीट से सुधीर शर्मा 14 मई को नामांकन पत्र भरेंगे।

**जगत सिंह**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा नेताओं पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता सेब बागवानों को 50 रूपए न्यूनतम समर्थन मूल्य देने को लेकर झूठी बयानबाजी कर रहे हैं जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने बागवानों को कोई समर्थन मूल्य नहीं दिया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार ने आयात शुल्क को घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है, जिसका प्रदेश के बागवानों पर असर पड़ा है। बागवानी मंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में सेब बागवानों के लिए कोई भी नई परियोजना शुरू नहीं कर सकी।

**अजय भट्ट**

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने आज सोलन जिले के कंडाघाट में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद रहे। अजय भट्ट ने दावा किया कि देश में भाजपा की लहर चल रही है और लोग मोदी सरकार के कार्यों से खुश हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के लोकप्रिय नेता हैं और उनके नेतृत्व में भाजपा तीन सौ 70 से अधिक सीटें जीतेंगी। इस मौके पर राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि अपने डेढ वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने एक भी विकास कार्य नहीं करवाया है और सरकार के पास कोई उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि वहीं दुसरी ओर केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हिमाचल को कई बड़ी सौगातें दी है।

**कांग्रेस–मीडिया**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया समन्वयक अमृत कौर, अमित बाबा और विक्रम लोहिया ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। शिमला में आज एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण के अलावा युवाओं के कल्याण के लिए भी कई योजनाओं का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी।

**आईपीएल**

आईपीएल मैचों के तहत धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला होगा। ये मैच दोपहर बाद साढ़े तीन बजे शुरू होगा। दोनों ही टीमों ने आज मैदान पर खूब अभ्यास किया। इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है और महेन्द्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक धर्मशाला पहुंचे है।

**मानवाधिकार आयोग**

लाहौल स्पिति जिले में बाल मजदूरी, भिक्षावृत्ति, बाल शोषण, बाल विवाह और मानव तस्करी का कोई मामला नहीं है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष दूत डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने आज केलंग में अधिकारियों के साथ एक बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में बेटा–बेटी में कोई फर्क नहीं है और सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर दिए जा रहे हैं। अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का उददेश्य संविधान में प्रदत्त मौलिक व मानव अधिकारों के बारे में लोगों को जागरूक करना और उनकी सुरक्षा करना है।

**राजेश धर्माणी**

कांग्रेस नेता व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने चारों लोकसभा सीटों पर सशक्त उम्मीदवार उतारे हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा से पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा ने केंद्रीय मंत्री रहते प्रदेश को कई बड़ी परियोजनाएं दी हैं और उन्होंने संसद में प्रदेश की आवाज को पुरजोर ढंग से उठाया है। राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश से भाजपा सांसद केंद्र से हिमाचल को विशेष राहत पैकेज मांगने की हिम्मत नहीं जुटा पाए जबकि आनंद शर्मा ने केंद्र में हमेशा प्रदेश हित से जुड़े मुददों को उठाया है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज राज्य के कुछ स्थानों पर बारिश व अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में आठ मई तक अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात जबकि अन्य भागों में आंधी तूफान के बीच वर्षा की संभावना है।